तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025



12 बावनकेरा में लगा एक दिवसीय बैंक मेला





12 साइज में स्टैक बनाएं, रजिस्टरों का संधारण करें






# जिले में 5.690 हजार हेक्टेयर में ली जाएगी दलहन की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दलहन और तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाए जाने पर विशेष जोर देते हुए कृषि विभाग द्वारा रबी सीजन 2024-25 के लिए फसलों का लक्ष्य जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस बार कुल 40 हजार 180 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसल लिए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। रबी सीजन में धान पिछले वर्ष 30.775 हजार हेक्टेयर की खेती की गई थी जो इस बार घटकर 29.779 हजार हेक्टेयर होने का अनुमान है।

उल्लेखनीय है कि रबी सीजन में अधिक पानी की आवश्यकता को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। पिछले वर्ष रबी में कोडार बांध से सिंचाई उपलध नहीं थी, लेकिन इस वर्ष पानी देने की तैयारी है। ऐसे में धान के रकबे में बदलाव की स्थिति सिंचाई पर निर्भर करेगी।

दलहन की फसल का कुल रकबा बढ़ाकर 5.690 हजार हेक्टेयर कर दिया गया है, जो पिछले वर्ष 4.961 हेक्टेयर था। चना का क्षेत्र 0.482 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1000 हेक्टेयर कर दिया गया है। मटर का रकबा 0.159 से 0.200 हेटेयर, मूंग 2.067 से 2.150 हजार हेटेयर, उड़द 1051 से 1120 हेक्टेयर कर दिया गया है। तिवड़ा 0.560 हेटेयर, कुल्थी 0.100 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में ली जाएगी।

विभागीय अफसरों की मानें तो दलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास तेज किए गए हैं। धान के रकबे में मामूली कटौती की गई है, जबकि दलहन-तिलहन फसलें किसानों को अधिक लाभ और कम पानी में बेहतर विकल्प प्रदान करती हैं

## रबी सीजन में धान में मामूली कटौती, दलहन-तिलहन का रकबा बढ़ा

**1 हजार हेक्टेयर घटेगा रबी सीजन में धान का रकबा**



### ऋण वितरण की प्रक्रिया शुरू

रबी सीजन के लिए ऋण वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्तमान में एक भी किसान ने ऋण नहीं लिया है, जबकि इस वर्ष 52 करोड़ रुपए के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। रबी सीजन में प्रतिवर्ष ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ता जा रहा है। किसानों की अधिक रुचि अल्पकालीन ऋण लेने में दिखाई दे रही है।

## विभागीय कार्रवाई : जिले में आबकारी विभाग की सतत कार्रवाई जारी

# चार प्रकरणों में 55 लीटर हाथ भट्टी शराब व 557 किलोग्राम लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध मदिरा निर्माण और तस्करी के विरुद्ध लगातार जारी अभियान के क्रम में सरायपाली क्षेत्र में 10 और 11 दिसंबर को संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कुल चार प्रकरण दर्ज किए तथा 55 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब और 557 किलोग्राम लाहन जब्त किया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा 10 दिसंबर को कार्रवाई के दौरान सरायपाली वृत्त के चारभाटा क्षेत्र में आरोपी मदन सिंह चौहान के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं 34 (1) (क) (च), 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण कायम किया गया। टीम ने मौके से 10 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब तथा 100 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया। कार्रवाई में सराईपाली वृत्त के आबकारी उपनिरीक्षक मिर्ज़ा जफ़र बेग के साथ साकरा के उपनिरीक्षक ह्दय कुमार तिरपुडे और अन्य स्टाफ शामिल थे।



अभियान के तहत 11 दिसंबर को सरायपाली क्षेत्र में लगातार तीन कार्रवाइयां की गईं। पहले प्रकरण में ग्राम लखनपुर में आरोपी विपिन भाई के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं 34 (1) (क), 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण दर्ज कर 15 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की गई। इसी तरह दूसरे प्रकरण में ग्राम पलसापाली में दो अलग-अलग प्रकरणों में अवैध मदिरा निर्माण की सामग्री बरामद हुई। पहले मामले में आरोपी सोनाबाई जोल्हे के कब्जे से 14 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब और 250 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। वहीं दूसरे मामले में आरोपी शांता बाई जोल्हे के विरुद्ध समान धाराओं के तहत प्रकरण कायम करते हुए 16 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब और 225 किलोग्राम लाहन बरामद किया गया। कार्रवाइयों में सरायपाली, सांकरा और पिथौरा की संयुक्त आबकारी टीम ने सहभागिता निभाई। इस दौरान विवेचक अधिकारी नीरज कुमार साहू के साथ मिर्जा जफ़र बेग, ह्दयकुमार तिरपुड़े और आबकारी स्टाफ शामिल रहे। आबकारी विभाग ने बताया कि जिले में अवैध शराब निर्माण और परिवहन के विरूद्ध अभियान सतत जारी रहेगा तथा ऐसे कार्यों में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गाय-बैल को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम रामाडबरी में गाय-बैल को लेकर हुए विवाद में मारपीट के मामले में पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को हीरालाल नारंग ने बताया कि 11 दिसंबर को रात्रि करीबन 8.30 बजे गाय-बैल को संभाल कर रखने की बात को लेकर जोहन सोनवानी, आशाराम सोनवानी व शंकर सोनवानी द्वारा घर के आंगन में आकर सुरेंद्र नारंग को गाली गलौज किया जा रहा था। जिनको प्रार्थी के साथ सुरेंद्र नारंग, बहू शांति नारंग, योगेश्वरी नारंग द्वारा मना किया गया। लेकिन आरोपियों द्वारा सुरेंद्रा नारंग, बहू शांति नारंग, योगेश्वरी नारंग के साथ धक्कामुक्की की गई। वहीं संतोष नारंग के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री दो के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम केंदूढार भारत पेट्रोल पंप के सामने में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रामकुमार साहू पिता संतलाल साहू (35 वर्ष) नूनपानी बताया। आरोपी के कब्जे से 02 लीटर महुआ शराब कीमत 400 रुपए को बरामद किया गया। इसी तरह ग्राम बगईजोर बड़ा पुलिया के पास अवध राम भारती पिता दादू राम भारती (45 वर्ष) नूनपानी के कब्जे से 2 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 205 प्रकरणों में 27551.64 क्विंटल धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दिए गए कड़े निर्देश के क्रम में अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 187 प्रकरण दर्ज किए गए। 18 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 205 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 27551.64 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिले के प्रमुख मार्गों, अंतरराज्यीय जांच चौकी, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार निरीक्षण एवं सख्ती से निगरानी की जा रही है। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि धान उपार्जन अवधि में किसी भी प्रकार का अवैध भंडारण, परिवहन या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ताकि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसी क्रम में अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है।

बसना विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा दो प्रकरणों में 527 कट्टा धान जब्त किया गया। जिसमें ग्राम दलदली में दो अलग-अलग प्रकरण में 280 कट्टा एवं 247 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि सरकार की किसान हितैषी नीतियों और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जिले में इस प्रकार की निगरानी आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगी।

## लोनिवि रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण



**महासमुंद।** लोक निर्माण विभाग संभाग महासमुंद के अंतर्गत जारी विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण विभाग के रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता पीएम कश्यप द्वारा किया गया। मुख्य अभियंता ने महासमुंद शहर से लगे महासमुंद-तुमगांव-अछोला मार्ग तथा बरोंडा चौक महासमुंद-बम्हनी मार्ग का निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दोनों मार्गों में निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कड़े निर्देश दिए। साथ ही मार्ग चौड़ीकरण कार्य में बाधा बने विद्युत पोलों को अतिशीघ्र हटाने तथा पेड़ों की कटाई की आवश्यक कार्रवाई तुरंत पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल, संबंधित उप-अभियंता एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सीसी रोड बनने से नागरिकों को मिलेगी आवागमन की सुविधा : निखिलकांत

### नपाध्यक्ष व पार्षद ने की सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 25 सुभाष नगर में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। वार्डवासियों की काफी पुरानी मांग को नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के विशेष प्रयास से पूर्ण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद भाऊराम साहू के साथ संयुक्त रूप से श्रीफल फोड़कर पूजा अर्चना की।

नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। शहर के समस्त वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सभी पार्षदों, सभापतियों के परस्पर सहयोग से नगरवासियों के विश्वास पर हम सभी को खरा उतरना है। यह सीसी रोड बनने से स्थानीय लोगों को आवागमन के लिए बेहतर सुविधा मिल पाएगी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद पवन पटेल, शुभ्रा मनीष शर्मा, भारती राजेंद्र चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, माधुरी यदु, धनेश्वरी सोनधर सोनवानी, राहुल आवड़े तथा वार्डवासी मनकुंवर ध्रुव, कुमारी सिन्हा, निर्मला यादव, खोलबहरीन, रोमन साहू, गायत्री, गंगा यादव, कृष्णा पटेल, अनसूया, राधा, चंद्रिका, अविनाश प्रसाद, मोहनू पटेल, रिखीराम साहू आदि उपस्थित रहे।

## महासमुंद संभाग में बकाया बिल वाले अनेक उपभोक्ताओं की बिजली काटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिजली बिल के लिए लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक रूप से लाइन विच्छेदन किया गया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता महासमुंद (वृत्त) वायके मनहर के निर्देशन में टीम गठित कर राजस्व वसूली के लिए महासमुंद संभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में महासमुंद संभाग के अंतर्गत इस दौरान



महासमुंद संभाग के कुल बकाया राशि 174.37 लाख रुपए है। इसमें 491 उपभोक्ताओं का लाइन विच्छेदन किया गया। जिनका विच्छेदन उपरांत कुल 431 उपभोक्ताओं द्वारा 168.64 लाख रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ है। राजस्व वसूली की कार्रवाई निरंतर आगे भी जारी रहेगी। लाइन विच्छेदित उपभोक्ताओं द्वारा यदि अनाधिकृत लाइन जोड़ी जाती है तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई की जाएगी।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



महासमुंद जिले में

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| सरायपाली | 3 पद | |
| पिथौरा | 2 पद | वेतन 15000/- |
| बागबाहरा | 4 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।

जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें

8370049468, 9098324969

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com

कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक

हरिभूमि

ब्यूरो कार्यालय : प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद मो. 9981131365

कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन मंगाए गए

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और फील्ड टेक्नीशियन (एयर कंडीशनर) का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि असिस्टेंड इलेक्ट्रिशियन के लिए 10 वीं पास और फील्ड टेक्नीशियन में प्रशिक्षण लेने के लिए 12 वीं पास युवा 20 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए।

### कोलियारी के संकरे मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग



- भाजयुमो मंडल भखारा के सदस्य ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** भाजयुमो मंडल भखारा के सदस्य एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि कुमेश साहू ने ग्राम कोलियारी में बढ़ते दुर्घटना-खतरे को देखते हुए अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संकरे मार्ग से भारी वाहनों विशेषकर हाइवा ट्रकों के आवागमन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। अब तक लगभग 50 गौमाताओं की मृत्यु हो चुकी है, जबकि चार बार भारी वाहन घरों में घुस चुके हैं, जिससे जनहानि की आशंका और बढ़ गई है। श्री साहू ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि संकरी सड़क के समीप चार शैक्षणिक संस्थान स्थित होने से प्रतिदिन बच्चों की सुरक्षा खतरे में रहती है। ग्रामीणों ने पूर्व में चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद भी अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने मांग की कि संकरी सड़क पर भारी वाहनों के प्रवेश पर तुरंत रोक लगाई जाए, भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए, स्कूलों के पास स्पीड ब्रेकर, सुरक्षा बैरियर और चेतावनी संकेतक लगाए जाएं तथा ग्रामीणों द्वारा पूर्व में दिए गए आवेदन का शीघ्र निराकरण किया जाए। श्री साहू ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं करता है, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### अब तक 40,874 किसानों से 19 लाख क्विंटल धान की खरीदी

- जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य सुचारु रूप से जारी

**धमतरी।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाया गया है। जिले की कुल 74 प्राथमिक सहकारी समितियों में अब तक 1,29,188 किसानों के 1,25,76.91 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है। 15 नवंबर 2025 से आरंभ उपार्जन प्रक्रिया के तहत अब तक 40,874 किसानों से 19,03,630 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसका कुल मूल्य 451.50 करोड़ रुपये है। किसानों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। 15 दिसंबर के लिए 3,035 किसानों को 13,806.62 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन जारी किए गए हैं। समितियों में सुव्यवस्थित परिवहन, ट्रॉली पार्किंग, तौल मशीनों की उपलब्धता एवं बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित कराई गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी खरीदी केंद्रों में रजिस्ट्रेशन से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया पारदर्शी रहे तथा प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए।

---

न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन ने आयोजित किया बहुआयामी कार्यक्रम

# महिलाओं में जागी आत्मविश्वास की नई किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी







अग्रसेन भवन में न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष उषा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक उपकरण एवं सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रसिद्धि अभिनेत्री एवं क्लासिकल डांसर सुधाचन्द्रन की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में सिलाई मशीन, हेयर ड्रायर, वैक्स हीटर, थ्रेडिंग चेयर आदि सामग्री उपहार स्वरूप वितरित की गई। साथ ही आधुनिक तकनीक, करियर निर्माण एवं उद्यमिता से संबंधित ज्ञान प्रदान करने नियमित गोष्ठी, कार्यशाला और विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। मिस कैटेगरी में प्रथम उर्वशी साहू बलौदाबाजार, द्वितीय गणिता विश्वकर्मा चारामा कांकेर, तृतीय मनीषा वर्मा चारामा कांकेर, मिसेस कैटेगरी में प्रथम सावित्री निषाद राजनांदगांव, द्वितीय हेमलता सोनी कोरर कांकेर, तृतीय मनीषा वर्मा चारामा कांकेर रही।

बाल प्रस्तुति में चार वर्षीय नन्ही प्रतिभा आव्या श्रीवास्तव ने सभी को प्रभावित किया। ब्राइडल प्रतियोगिता में प्रथम पायल मधु नारायणपुर, द्वितीय रिया रॉय नारायणपुर, तृतीय राखी सिंह कोरबा रही।

अन्य गतिविधियों में उन्नत केश डिग्री गोष्ठी, व्यवसाय पुरस्कार शो, ब्यूटी स्टार आर्टिस्ट, ब्राइडल प्रतियोगिता, फैशन शो आदि आयोजित हुए। सहयोगी के रूप में सुभाष मलिक, विक्की रत्नानी, क्षमा बंजारे, बिन्नू कलवानी, चंद्रकांति, अनीता ध्रुव, मीनाक्षी, शांति यादव, नेहा साहू, माया धीवर, निशा मसीह, अंजलि ध्रुव, अर्चना जाधव, शीला महंत, योगिता धीवर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। धमतरीवासियों के उत्साह को देखते हुए मेकअप, केश, नेल्स सेमिनार, मास्टर कार्यशाला, पुरस्कार समारोह, ब्राइडल प्रतियोगिता, फैशन शो का निरंतर आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन ने महिलाओं में आत्मविश्वास की नई किरण जगाई गई। फाउंडेशन की अध्यक्ष उषा शर्मा ने कहा कि सही संसाधन और मार्गदर्शन मिलने पर महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बनती हैं, बल्कि समाज में आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान भी स्थापित करती हैं।

## पावरलिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में शामिल होने खिलाड़ी रवाना



**धमतरी।** राजनांदगांव में आयोजित 11 वीं राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में शामिल होने के लिए खिलाड़ी रवाना हुए। महापौर रामू रोहरा ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**धमतरी।** रबी वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसलों के बीमा हेतु अधिसूचना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी कर दी गई है। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से गेहूं (सिंचित, असिंचित), चना, राई-सरसों एवं अलसी को इस योजना के तहत शामिल किया गया है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित है। उप संचालक कृषि ने सभी किसानों से अधिक से अधिक फसल बीमा कराने का आग्रह किया है, ताकि फसल क्षति की स्थिति में उन्हें उचित मुआवजा प्राप्त हो सके।

---

विधायक ओंकार व कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती तारिणी ने किया भूमिपूजन

## डुबान क्षेत्रवासियों को मिली विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



विधानसभा क्षेत्र के अरौद डुबान में आयोजित मड़ई मेला के अवसर पर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक ओंकार साहू के मुख्य आतिथ्य व कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुआ। ग्राम उरपुटी में निषाद समाज सामुदायिक भवन तथा शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में चबूतरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।ग्राम पटौद में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी विधानसभा के डुबान क्षेत्र के विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता निरंतर मजबूत हो रही है। हम हर ग्राम में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं, जो लोगों के जीवन को सरल और बेहतर बनाएं। आगे कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाह नीतियों के कारण किसान, युवा और आमजन परेशान है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले में बागबाहरा क्षेत्र के एक किसान ने कई दिनों से धान खरीदी टोकन न मिलने से परेशान होकर ब्लेड से अपना गला काट लिया। यह निश्चित ही भाजपा की विष्णु देव सरकार के लिए करारा तमाचा है। मौके पर तानाजीराव रणसिंह जोन अध्यक्ष, श्रीमती संगीता नेताम सरपंच, जयंत नेताम जनपद सदस्य, अम्बिका सिन्हा, मणिराम तारम, जोहन नेताम, सहदेव नेताम, पंचुराम निषाद, झुमुक निषाद, पवन निषाद समेत बड़ी संख्या में डुबानवासी उपस्थित थे।

## डाटा प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस पर हुआ व्याख्यान

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं डॉ. डीआर टंडन समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका विषय डाटा प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस था। मुख्य वक्ता डॉ. मीना पाठक विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेन्द्र नगर रायपुर ने सामाजिक अनुसंधान के महत्व पर व्याख्यान दिया साथ ही अनुसंधान के लिए निर्देशन, डाटा संग्रहण, उपकल्पना, साक्षात्कार, अनुसूची और प्रश्नावली का सामाजिक अनुसंधान में उपयोगिता पर अपने विचार रखे। डॉ. डीआर टंडन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. निधि सिंग अतिथि व्याख्याता एवं गौरीशंकर बघेल, आवनी यादव का सहयोग रहा।

## 48 खाद्य नमूनों की ऑनस्पॉट टेस्टिंग, 43 नमूने मानक व 5 नमूने अवमानक पाए गए

- कलेक्टर के निर्देश पर स्ट्रीट फूड वेंडर्स का अधिकारियों ने किया सघन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा शहर में संचालित स्ट्रीट फूड वेंडर्स का व्यापक निरीक्षण किया गया। रायपुर संभाग मुख्यालय से मंगाी गई चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अधिकारी फणेश्वर पिथौरा ने मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच की।

निरीक्षण के दौरान लगभग 48 खाद्य नमूनों की ऑन स्पॉट टेस्टिंग की गई, जिनमें से 43 नमूने मानक पाए गए जबकि 5 नमूने अवमानक पाए गए। अवमानक पाए गए खाद्य पदार्थों में आलू बोंडा, पकौड़ा, आलू मसाला शामिल थे, जिनमें डस्ट व अत्यधिक खाद्य रंग पाया गया। सभी अवमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर नष्ट कराया गया।

खाद्य सुरक्षा टीम ने वेंडर्स को खाद्य पदार्थों को नियंत्रित तापमान में संधारित करने, परोसने में अखबारी कागज का उपयोग न करने, व्यक्तिगत व आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित, खाद्य निर्माण में ताज़ी सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए।

अभिहित अधिकारी सर्वेश कुमार यादव ने बताया कि प्रशासन अलर्ट मोड में है तथा आने वाले दिनों में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा लगातार जांच जारी रहेगी। उन्होंने सभी स्ट्रीट फूड संचालकों को एक माह के भीतर फोस्टेक प्रशिक्षण लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश भी दिए, ताकि खाद्य सुरक्षा के प्रति सामाजिक एवं व्यावहारिक परिवर्तन लाया जा सके।

---

## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ कुरूद की नई ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन हुआ। अध्यक्ष जानेश्वरी बंजारे को बनाया गया। उपाध्यक्ष अजय चक्रधारी, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मीनाक्षी पटेल, उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, पुष्पलता साहू, सचिव छगन साहू, कोषाध्यक्ष गीतेश साहू , महामंत्री अमर लाल जांगड़े, सहसचिव सीमा पटेल, प्रवक्ता तरुण कुमार साहू, मीडिया प्रभारी भेदन साहू, प्रचार-प्रसार मंत्री राकेश कुमार भारती बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में परमेश्वर साहू, मंजीता नाग, रेखा साहू, सेवती साहू, संरक्षक डीएस ध्रुव, डी चंद्राकर, सत्यभामा नेताम, आनंद मार्कण्डेय, सलाहकार राधा साहू , मयाराम साहू शामिल हैं।

इस अवसर पर आनंद मार्कण्डेय, नरेंद्र कुमार साहू, चित्रसेन साहू, यादोराम साहू, नमिता महतो, सुनीता कोसरे, निर्मला साहू, मंजू साहू, धनेश्वरी चंद्राकर, टिकेश्वरी दिवान, भुनेश्वरी ध्रुव, मुकेश पटेल, भरत लाल साहू, इंदिरा तोड़कर, शेखन मैत्रेय उपस्थित थे।

## पट्टा है, पर पक्का घर नहीं

- धमतरी के सैकड़ों परिवार 10 साल से पीएम आवास से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर की आबादी डेढ़ लाख के करीब पहुंच चुकी है, लेकिन स्लम एरिया और गरीब बस्तियों में रहने वाले कई परिवार आज भी प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हैं। नगर निगम का नजूल पट्टा होने के बावजूद पिछले 10–15 वर्षों से पक्का मकान न मिलना इन परिवारों की सबसे बड़ी समस्या बन गया है। न तो अधिकारियों की फाइलें आगे बढ़ रहीं, न ही सर्वे लिस्ट की गड़बड़ियां दूर हो रही हैं।

शहर के नीलू बाई, सुचिता टंडन रामकुमार चेलक, कौशल्या मंडावी, अनुसुइया बाई उइके, रामाधार पटेल, संतराम और चंद्रहास ध्रुव सहित कई परिवारों ने बताया कि वे 50-60 वर्षों से धमतरी में रह रहे हैं तथा उनके पास 10-15 सालों से नजूल पट्टा भी है। फिर भी उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ इसीलिए नहीं मिल पाया क्योंकि 2011 की गरीबी रजिस्ट्री में उनका नाम शामिल नहीं था। अब 2024 में नाम जुड़ने के बाद भी प्रक्रिया की धीमी रफ्तार के कारण वे पक्का घर मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

कई लोगों का कहना है कि फार्म भरने, दस्तावेज जमा करने और निगम के दफ्तरों के लगातार चक्कर लगाने के बावजूद कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिलता। आश कुमार साहू और सुखबती साहू जैसे पट्टाधारी परिवार 30-40 साल से कवेलूयुक्त जर्जर घरों में रहने को मजबूर हैं। वे दो-दो बार आवेदन भर चुके हैं, लेकिन योजना का लाभ अब तक नहीं मिला।

स्थानीय पार्षदों का कहना है कि कई मामलों में कागजी त्रुटियां, नामांतरण की कमी और पुराने सर्वे का अभाव सबसे बड़ी बाधा है। वहीं कुछ लोगों को नजूल पट्टा रहते हुए भी बार-बार दस्तावेज सुधार के लिए दौड़ाया जा रहा है, जिससे गरीब परिवार और अधिक परेशान हो रहे हैं।

इस संबंध में नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर के सभी पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि

यह गरीबों की सरकार है। किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होगा। जो भी परिवार पीएम आवास से वंचित हैं, उनका दोबारा सर्वे कराकर योजना में जोड़ा जाएगा।

लंबे समय से पक्के घर की प्रतीक्षा कर रहे इन परिवारों को अब महापौर के आश्वासन से उम्मीद बंधी है कि वर्षों से अटकी प्रक्रिया जल्द ही पूरी होगी और उन्हें भी सुरक्षित रहने की सुविधा मिल सकेगी।

## नहर-नाली विस्तार कार्य की निगरानी के लिए कोर कमेटी गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

डोंगरडुला, परसापानी, राजपुर, गट्टासिल्ली और दुगली क्षेत्र के किसानों की महत्वपूर्ण बैठक बांधा के बाजार स्थल पर किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले हुई। बैठक में किसानों ने क्षेत्र में प्रस्तावित नहर एवं नाली के विस्तार निर्माण कार्यों पर गंभीर चर्चा की। समिति द्वारा सर्वसम्मति से एक कोर कमेटी का गठन किया गया, जो निर्माण कार्यों की नियमित रूप से निगरानी करेगी तथा सिंचाई विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और समय पर गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए।

बैठक में गौतम मरकाम, मानक साहू, नरसिंह मरकाम, डेविड ठाकुर, शिवकुमार परिहार, नंदू साहू, मन्नू नेताम, पुष्पा मंडावी, फुलेश्वरी, रमेश मंडावी, रुपेन्द्र कुमार, नारायण मरकाम, नारायण वट्टी, राजाराम मंडावी, शत्रुधन, साक्षी अनुप वट्टी, राकेश मरकाम, सुकलाल परदे, दिलीप मरकाम, दिनेश साहू, धीरसिंह, अमृत मरकाम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। बैठक में किसानों ने नहर-नाली विस्तार कार्य शीघ्र पूर्ण होने की उम्मीद जताई।

---

## सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च की 125वीं वर्षगांठ पर आज व कल होंगे कार्यक्रम

- चर्च के इतिहास के साथ स्मारिका विमोचन और पौधरोपण कार्यक्रम होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर का ऐतिहासिक सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च इस वर्ष अपनी स्थापना के 125 वर्ष पूरे कर रहा है। इस अवसर पर 13 और 14 दिसंबर को समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 13 दिसंबर को पंजीयन के बाद रेव्ह. आशीष मिलाप की प्रारंभिक प्रार्थना से होगा। जुबली क्वायर द्वारा उद्देश्य गीत प्रस्तुत किया जाएगा, वहीं सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च का संक्षिप्त इतिहास रेव्ह. दीपक मसीह, रेव्ह. पीके सिंह, सोमिल मार्क और श्रीमती नीता सालोमन द्वारा साझा किया जाएगा। इसी कड़ी में स्मारिका विमोचन और पौधरोपण कार्यक्रम होगा। आयोजित सत्र में डॉ. नीरज नेताम अगुवाई करेंगे। इस दौरान जुबली क्वायर का स्तुति-गान होगा तथा मूल्यांकन और भविष्य की दिशा विषय पर सेवक एस.सी. ख्रिस्टी एवं सेवक अनिल राघवा अपने विचार रखेंगे। चर्च में सेवा दे चुके पूर्व सेवकों, पासवानों और वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान होगा। समारोह का संचालन श्रीमती थेलमा महतो और स्वागत समिति करेगी। संध्याकालीन आराधना की अगुवाई सेविका अर्चना नेताम करेंगी। शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। युवा, बच्चे और महिलाएं नृत्य, गीत एवं लघु नाटिकाओं की प्रस्तुति देंगी। आकर्षक आतिशबाजी भी रखी गई है।

# रस्साकसी में युवतियों ने दिखाया दम






हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

माय भारत धमतरी छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व जतन युवा संगठन भोथली के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हाईस्कूल मैदान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप सेन जनपद सदस्य ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अध्यक्षता कर रही सरपंच श्रीमती शिवरात्रि मांडवी ने खेल महोत्सव के आयोजन पर प्रकाश डाला। पुरुष वर्ग की कबड्डी में प्रथम ग्राम झिरिया, द्वितीय भोथली व तृतीय सांकरा की टीम रही। 100 मीटर रिलेरेस में प्रथम सांकरा, द्वितीय सांकरा बी व तृतीय शंकरदाह रहे। गोंला फेक में प्रथम हेम कुमार व द्वितीय अभिलाषा व तृतीय स्थान पर प्रियांशु रहे। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम ललिता, द्वितीय शैलकुमारी, रस्सा खींच में प्रथम भोथली एवं द्वितीय स्थान पर सांकरा रहा। तवा फेंक में प्रथम भाग्यश्री, द्वितीय ऐश्वर्या यादव व तृतीय तेजस्वी रही। चिराग एवं सत्यम साहू ने रेफरी की भूमिका निभाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एलके उपाध्याय, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गणेश प्रसाद साहू व्याख्याता, कैलाशगिरी गोस्वामी झिरिया, सेवानिवृत प्रधान पाठक कृष्णाराम साहू, खरेंगा प्राचार्य एनके साहू, सेवानिवृत्त व्याख्याता एसके साहू, ग्रामीणजन नकछेड़ा राम साहू, सोनाराम साहू, युवा संगठन के छबिल साहू, ओमन लाल, टेमन लाल, सेवक, अर्जुन सिंह, चिराग, सत्यम, शामिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सहकारिता मंत्री कश्यप ने कृषि साख सहकारी समिति खुटेरी का किया अवलोकन

**रायपुर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने रायपुर जिले के ग्राम उमरिया स्थित वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति खुटेरी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति की कार्यप्रणाली, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, ऋण वितरण की प्रक्रिया तथा अन्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा, किसानों को बेहतर, सहज और समयबद्ध सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने समिति प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर अपर आयुक्त एवं प्रबंध संचालक केएन कांडे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### इंदिरा कला संगीत विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा देने की मांग

**रायपुर।** राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने संसदीय क्षेत्र के खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग की है। श्री पाण्डेय ने गुरुवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा,



राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा है। यह विश्वविद्यालय 14 अक्टूबर 1956 से स्थापित है और इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में पूरा सम्मान मिलना चाहिए। यह हमारे शास्त्रीय संगीत व नृत्य कला को समर्पित एशिया का पहला विश्वविद्यालय है, जिसमें कथक, भरतनाट्यम लोक संगीत सहित अनेक विधाओं की शिक्षा दी जाती है। इस संस्थान में विदेशी छात्र-छात्राएं भी अध्यनरत हैं, अतः इसको केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए।

### बृजमोहन ने उठाया लोकसभा में डिजिटल अरेस्ट का मामला

**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान डिजिटल अरेस्ट फाइनेंशियल फ्रॉड में तेजी से ही रही बढ़ोतरी का मामला उठाया। उन्होंने नागरिकों की



फाइनेंशियल सिक्योरिटी, खासकर बुजुर्गों की फाइनेंशियात सिक्योरिटी को हो रहे नुकसान का हवाला देते हुए औपचारिक रूप से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भारतीय बैंकिंग सिस्टम में एआई आधारित सेफ्टी होल्ड गाइड लाइंस और एस्को मैकेनिज्म लागू करने का अनुरोध किया। श्री अग्रवाल ने बताया, डिजिटल गिरफ्तारी स्कैम अब जटिल मनोवैज्ञानिक अपराध बन गए हैं। जहां अपराधी वीडियो कॉल के जरिए सीबीआई या पुलिस अधिकारी बनकर पीड़ितों को कई दिनों तक डिजिटल निगरानी में रखते हैं।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**धमतरी।** हाईस्पीड बाइक की ठोकर से गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार खेमीन साहू पति जितेन्द्र उम्र 39 वर्ष गुरूर निवासी बीते 6 दिसम्बर की रात्रि खाना खाने के बाद पति जितेन्द्र साहू के साथ गुरूर मेन रोड पर टहलने निकली थी। दोनों पति-पत्नी सड़क पर पैदल टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए महिला को ठोकर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिये गुरूर अस्पताल लाया गया जहां से रिफर करने पर घायल महिला को धमतरी के श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल महिला की गुरूवार की रात्रि मौत हो गई।

# नगर में स्वदेशी संकल्प यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सीएआईटी एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा नगर में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली गई। यात्रा में स्वदेशी उत्साह और वोकल फॉर लोकल की भावना से सराबोर रहा। रथ के माध्यम से लोगों को स्वदेशी अभियान से जुड़ने की अपील की। मार्ग भर पताका एवं पुष्पवर्षा से अभूतपूर्व स्वागत किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं संस्थागत पदाधिकारियों ने उपस्थिति देकर स्वदेशी आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की।

इनमें प्रमुख रूप से जितेंद्र चंद्राकर सचिव लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़, हुलसी चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, भाऊराम साहू पार्षद, गौरव चंद्राकर अध्यक्ष कैट महासमुंद, गुमान जैन महामंत्री कैट, रमेश साहू अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, देवेंद्र चंद्राकर सहकारिता



प्रकोष्ठ, मुकेश अग्रवाल सचिन कैट, राकेश चंद्राकर अध्यक्ष बस ट्रांसपोर्ट संघ, दयाल चंद्राकर सचिव स्टोन इंडस्ट्रीलिस्ट संगठन समेत अन्य मौजूद रहे। यात्रा का उद्देश्यः स्वदेशी के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ यह यात्रा देशभर में स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय उद्यमों और छोटे व्यापारियों को नई गति देने के लिए निकाली गई है। महासमुंद में हुए इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि स्वदेशी उत्पाद अपनाना समय की आवश्यकता है। स्थानीय व्यापारियों को मजबूत कर ही राष्ट्र की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। डिजिटल व्यापार एवं आधुनिक वाणिज्य को बढ़ावा देकर नए अवसर निर्मित किए जा सकते हैं। व्यापारियों और नागरिकों ने एकजुट होकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया और यात्रा के उद्देश्य को जोरदार समर्थन दिया। महासमुंद का यह ऐतिहासिक स्वागत न केवल यात्रा की भव्यता का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि राजधानी का व्यापारी समाज और जनता स्वदेशी अभियान को पूरे हृदय से अपनाने के लिए तैयार है।

# शिक्षा मंत्री आज करेंगे राधाकृष्ण मंदिर का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

फुलझर राज झेरिया यादव समाज द्वारा 13 दिसंबर को रूड़ा में राधाकृष्ण मंदिर का भूमि-पूजन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पवित्र भूमि-पूजन विधि सम्पन्न की जाएगी।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी कार्य मंत्री गजेंद्र यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फुलझर राज झेरिया यादव समाज के केंद्रीय अध्यक्ष जगतराम यादव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, सरायपाली विधायक चातुरी नंद तथा राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जनपद पंचायत सरायपाली की अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, रूड़ा के सरपंच रेशम लाल पटेल तथा ग्राम गोटिया खिरोद पटेल भी शामिल होंगे। समाज के सभी पदाधिकारी व ग्रामीणजन आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं। आयोजन में झेरिया यादव समाज तहसील अध्यक्ष व बसना मंडल अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र यादव और झेरिया यादव समाज के प्रमुख बंधुओं का विशेष योगदान रहा है, जिनके नेतृत्व में संपूर्ण व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समाजजनों ने इसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया है। भूमिपूजन के पश्चात मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथि समाज को संबोधित करेंगे। आयोजन समिति ने समाज के सभी सदस्यों और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# छत्तीसगढ़ में निर्माण कार्यों के 1132 निरीक्षण प्रकरण लंबित, मुख्य तकनीकी परीक्षक ने 15 दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा से ये बात सामने आई है कि 8 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न विभागों के कुल 1132 निरीक्षण प्रकरण लंबित हैं।

इनमें लोक निर्माण विभाग के 484, जल संसाधन विभाग के 297, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 192, नगरीय प्रशासन विभाग के 08, पीएमजीएसवाई/ सीएमजीएसवाई के 29, सीजी हाउसिंग बोर्ड के 52 तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन के 37 प्रकरण शामिल हैं। गुरुवार को मुख्य तकनीकी परीक्षक आर. पुराम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी निर्माण विभागों के अभियंताओं की बैठक लेकर लंबित निरीक्षण प्रकरणों की समीक्षा की।

## 15 दिनों में मांगा जवाब

बैठक में श्री पुराम ने विभागीय अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से परीक्षण कर 15 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब पाया गया तो संबंधित संभाग के अभियंताओं का नाम शासन को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा जाएगा।




## क्वालिटी मॉनिटरिंग एप से बदलेगी व्यवस्था

बैठक में अभियंताओं को संगठन द्वारा विकसित क्वालिटी मॉनिटरिंग ऐप के उपयोग की जानकारी दी गई। इस ऐप में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी 100 बिंदु चेकलिस्ट शामिल की गई है, जिसके आधार पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जा सकेगी। मैदानी अभियंताओं और संगठन के अधिकारियों के लिए अलग-अलग लॉगिन बनाये गए हैं। संगठन की टेक्निकल टीम द्वारा निर्माणाधीन एवं पूर्ण कार्यों का जियो टैगिंग किया जा रहा है, जिसकी निगरानी शासन एवं संगठन स्तर पर वेब इंटरफेस के माध्यम से होगी।

## वेबसाइट पर उपलब्ध एप और मार्गदर्शिका

क्वालिटी मॉनिटरिंग ऐप संगठन की वेबसाइट पर डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध है। ऐप के संचालन के लिए पीडीएफ और वीडियो आधारित यूजर मैनुअल भी अपलोड कर दिया गया है, जिससे मैदानी अभियंता आसानी से ऐप का उपयोग कर सकेंगे।

### विधायक डॉ. अग्रवाल ने कथावाचक पं. युवराज पांडेय का किया सम्मान कथा श्रवण कर लिया आशीर्वाद; कहा-धर्म हमें सही मार्ग दिखाता है

# सांकरा में गूंजा शिव महापुराण का दिव्य नाद, विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

क्षेत्र के ग्राम सांकरा में आयोजित संगीतमय शिव महापुराण कथा के पावन आयोजन में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। आध्यात्मिक और धार्मिक आयोजनों के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने न केवल कथा श्रवण किया, बल्कि धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। कथा स्थल पर पहुंचकर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सबसे पहले भगवान शिव को नमन किया और कथा के मुख्य वाचक पंडित युवराज पांडेय का मंच पर विधिवत सम्मान किया।

अपने संक्षिप्त उद्बोधन में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने




शिव महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव महापुराण कथा मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन जीने की सही दिशा सिखाती है।

इस दौरान सीताराम सिन्हा, कैलाश अग्रवाल, पुरुषोत्तम धृतलहरे, सोनू छाबड़ा, अभिमन्यु प्रधान, सुशील प्रधान, विजय चौधरी, प्रहलाद पटेल, सांकरा और आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भूपेश बोले- शाह बार-बार छत्तीसगढ़ क्यों आते हैं

## चुग ने कहा- शाह के दौरे से बघेल को डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे पर सवाल खड़ा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आखिर वे बार-बार छत्तीसगढ़ क्यों आते हैं, मणिपुर क्यों नहीं जाते। इस पर पटलवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा, श्री शाह के दौरे से भूपेश बघेल डरे हुए हैं, क्योंकि उन्होंने छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग गुरुवार रात को रायपुर पहुंचे। विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, भाजपा 365 दिन काम करने वाला दल है। कल भाजपा संगठन की बैठक में शामिल होंगे कल प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी आ रहे हैं। भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए श्री चुग ने कहा. अमित शाह के दौरे से उन्हें डर सता रहा है कि उन्होंने जो छत्तीसगढ़ से लूटा है, वो गरीबों का माल है। गरीबों के पास पहुंचना चाहिए। भाजपा इस दिशा में काम कर रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, उन्हें गृह मंत्री का भाषण यूट्यूब पर बार-बार देखना चाहिए, उन्हें देर से समझ में आता है।

दिल्ली दौरे से लौटे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए भाषण को असंसदीय बताते हुए अमित शाह से माफी मांगने की मांग की। श्री बघेल ने कहा, भाजपा का इतिहास है कि इन्होंने कभी वंदे मातरम् का नारा नहीं लगाया।

# धान खरीदी प्रक्रिया की निगरानी करने मार्कफेड ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र की स्थापना की गई है। यह पूरी धान खरीदा प्रक्रिया की 24 घंटे निगरानी करती है। यह खरीदी केंद्रों से लेकर भंडारण और परिवहन तक की पूरी प्रक्रिया की लाइव निगरानी करती है। निगरानी के लिए डिजिटल उपकरण उपयोग किए जा रहे हैं।

मार्कफेड के एमडी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि धान के परिवहन में लगे वाहनों की जीपीएस के माध्यम से निगरानी की जाती है। सतर्क एप्लिकेशन के जरिए अनियमितताओं पर अंकुश लगाने में मदद करता है। पड़ोसी राज्यों से अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए राज्य की सीमाओं पर 16 से अधिक चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाती है। खरीदी, स्टॉक और भुगतान से संबंधित सभी डेटा को दिखाती करती है, जिससे निर्णय लेने में आसानी होती है।

# 70 साल पहले छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले चेंदरू के नाम होगा राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़, खासकर बस्तर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला बस्तर का बालक चेंदरू एक बार फिर चर्चा में आने वाला है। चेंदुरू द वर्ल्ड ऑफ अपू नामक एक वृत्तचित्र (डाक्यूमेंटरी फिल्म) का जीवंत किरदार था। इस डाक्यूमेंटरी को 1957 में अर्न आर्नहैम ने बनाया था। इसी चेन्दरू के नाम पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार देने वाला है। राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटन हितधारकों के उत्कृष्ट योगदान को पहचानने, उनको प्रोत्साहित करने, उनके प्रयासों को मान्यता देने तथा इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को चेन्दरू राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है।



## अब पर्यटन मंडल ने ली चेन्दरू की सुध

सत्तर साल पहले जो किरदार डाक्यूमेंटरी के साथ सामने आया था, पिछले कुछ दशकों में इस नाम को भुला दिया गया था, लेकिन अब उसके नाम पर पर्यटन पुरस्कार घोषित कर पर्यटन मंडल ने इस साहसी बालक की यादें फिर से जिंदा करने का काम किया है।

## चेंदरू का छत्तीसगढ़ से क्या नाता है

चेन्दरू का छत्तीसगढ़ के बस्तर से गहरा नाता था। वह मूल रुप से बस्तर का रहने वाला था। अब से करीब 70 साल पहले बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म का मुख्य विषय था। उसका नाम द वर्ल्ड ऑफ अपू (या कभी-कभी द जंगल सागा के रूप में भी जाना जाता है)। इस फिल्म में उनके और एक बाघ के शावक के बीच की अनोखी दोस्ती को दर्शाया गया था, जिसे चेन्दरू ने पाला था। इस फिल्म के माध्यम से चेंदुरू और उनके बस्तर के जीवन को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली थी।

## ये होंगे सम्मान के हकदार

सम्मान के लिए निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा ऐसे व्यक्ति का चयन किया जाएगा, जिन्होंने समर्पित भाव से ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा की हो। निर्णायक मण्डल द्वारा भूतकालिक एवं वर्तमान दोनों प्रकार के कार्यों का मूल्यांकन किया जायेगा। व्यक्ति अथवा प्रस्तावक द्वारा यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सम्मान के लिए प्रस्तावित व्यक्ति ने ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालीन सेवा की है। सम्मान ग्रामीण पर्यटन के समग्र योगदान के आधार पर दिया जाना है, इसलिए इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति, संस्था द्वारा निजी स्तर पर किये गये योगदान के संबंध में पर्याप्त प्रमाण होना आवश्यक है।



## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में की गई साफ सफाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक भारतीय विजय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि को भी शहीद स्मारक में साफ सफाई की गई। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। विजय दिवस के ही दिन 1971 में युद्ध पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। इस युद्ध के परिणामस्वरूप बांग्लादेश को भी आजादी मिली। इस मौके पर अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### पटेवा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज

**पटेवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह के अंतर्गत पटेवा मंडल के अंतर्गत जोगीडीपा ग्राम स्थित सिद्धबाबा मंदिर परिसर में 13 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें चुटकी लोक कला मंच दल्लीराजहरा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। हिंदू सम्मेलन में प्रमुख वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत के सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश शर्मा तथा वक्ता सरला कोसरिया होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में उमा ध्रुव उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के समापन में भोजन प्रसादी व रुद्राक्ष वितरण होगा।



### रासेयो शिविर में कराया गया योगाभ्यास

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर, 8 से 14 दिसंबर तक ग्राम लाफिनकला में आयोजित किया गया है। जिसमें पतंजलि योग समिति के मुख्य योग शिक्षक संदीप पटले व पूनम पटले द्वारा योगाभ्यास कराया गया। साथ ही रोग पर आधारित योग सिखाया गया तथा उनके बचाव व उपाय के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। निरोगी काया को प्राथमिकता देते हुए योग के लाभ बताया गया। विभिन्न रोगों के साथ कौन-कौन से योग लाभदायक होते हैं, इसकी जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व ग्रामवासियों को दी गई।

### योग प्रशिक्षण शिविर आज से

**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (35वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 13 से 22 दिसंबर तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में होगा। इस 10 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। रविवार 21 दिसंबर को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएं दीर्घशंख प्रक्षालन, जल नेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। पंजीकृत योगाभ्यासी ही सम्मिलित होंगे। आग्रह है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7 से 8.30 बजे, महिला वर्ग बच्चों का दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः 7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे।



# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़क पर पांच साल में ही झाड़ियां, विभागीय निगरानी व्यवस्था पूरी तरह फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाई गई बोहारपार–भंवरपुर सड़क 2026 में पांच वर्ष पूरे करेगी। लेकिन, सड़क किनारों पर उगी बेर की झाड़ियां, घास-फूस और उगे जंगली पौधे सरकारी मॉनिटरिंग सिस्टम को मुंहु चिढ़ा रही हैं। बता दें कि नेशनल हाइवे-53 को जोड़ने वाली बोहारपार-भंवरपुर सड़क के पटरी पर अनियंत्रित पौधों ने सड़क की चौड़ाई को कई जगह सिकोड़ दिया है, जिससे वाहनों का साधारण क्रॉसिंग भी जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का यह हाल एक-दो महीने की बात नहीं, बल्कि लगातार उपेक्षित रखरखाव का नतीजा है, जिसकी जिम्मेदारी योजना के दिशानिर्देशों के बावजूद किसी ने गंभीरता से नहीं ली।

**बुनियादी ढांचे पर बड़ा सवाल**




प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण के बाद शुरुआती पांच वर्षों तक मेंटेनेंस की प्राथमिक जिम्मेदारी ठेकेदार और स्थानीय विभाग पर होती है। इसके लिए बजट भी तय है। लेकिन बोहारपार–भंवरपुर मार्ग पर न तो नियमित निरीक्षण हुआ, न ही कोई कटाई-छंटाई अभियान चला है। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि निरीक्षण रिपोर्ट कहां गईं और क्या विभाग ने कागज़ों में "सड़क ठीक" दिखाकर इसे रूटीन फाइलिंग में धकेल दिया? यह भी एक बड़ा प्रश्न है। इस संबंध में हरिभूमि संवाददाता ने जब विशेषज्ञों से चर्चा में पाया कि ग्रामीण सड़कें अक्सर निर्माण के बाद "नो-ओनरशिप ज़ोन" में चली जाती है, जहां न ठेकेदार जवाबदेह दिखता है, न विभाग। यही कारण है कि पाँच साल पूरा होने से पहले ही सड़कें क्षतिग्रस्त, संकरी या अवरुद्ध हो जाती हैं।

**विडंबना:** अडानी के संरक्षक व राजस्थान सरकार की पोषक बनी विष्णुदेव सरकार

# छग के जंगलों की कटाई राजस्थान के लिए नहीं, अडानी को लाभ पहुंचाने : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद

- छत्तीसगढ़ हरे-भरे वनों की कटाई के बजाय पीएम सूर्य घर योजना से राजस्थान को करे रौशन

के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार द्वारा छग के वनों की अंधाधुंध कटाई व बेहिसाब खनिज संपदा के दोहन पर कहा कि छग की विष्णुदेव सरकार अडानी के संरक्षक व राजस्थान सरकार के पोषक की तरह काम कर रही है। स्थानीय निवासियों के हितों से इस सरकार को कोई सरोकार नहीं दिख रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा 400 यूनिट खपत तक बिजली बिल हाफ योजना को भाजपा की साय सरकार द्वारा समाप्त किए जाने के सवालों पर मुख्यमंत्री कहते थे कि प्रदेश को हाफ बिजली बिल योजना से अलग मुफ्त बिजली की दिशा में प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। सरकार के मंत्री यह कहते नहीं थकते थे कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेशवासियों को सौर ऊर्जा के माध्यम से मुफ्त बिजली यूनिट लगाने के लिए सरकार अनुदान दे रहा है तथा मुफ्त बिजली उत्पादन कर जनता अपने घर की जरूरत के हिसाब बिजली का उपयोग कर सकेंगे तथा अतिरिक्त बिजली को बेचकर आय प्राप्त कर सकेंगे। इससे सरकारी बिजली पर निर्भरता खत्म होगी तथा एक दिन पूरे प्रदेश में सौर ऊर्जा से संचालित बिजली यूनिट के माध्यम से लोग अपने घरों को रोशन कर सकेंगे।



चंद्राकर ने सवाल किया कि यदि छत्तीसगढ़ की साय सरकार छग के बिजली उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम विद्युत उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम कर रही है तो राजस्थान की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर योजना के तहत वहां के नागरिकों को इसके लिए प्रेरित क्यों नहीं कर रही। क्या केवल छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री के सारे मंसूबों पर कार्य किया जा रहा है? और यदि राजस्थान में भी पीएम सूर्यघर योजना के तहत कार्य हो रहे हैं तो छत्तीसगढ़ के हरे-भरे जंगलों, देवस्थलों के वनों की अंधाधुंध कटाइ क्यों किया जा रहा है। क्योंकि, राजस्थान को जितने कोयले की आवश्यकता है, उसकी पूर्ति पीईकेबी से पूरी हो रही। नए खदान की जरूरत नहीं थी। 2022 में कांग्रेस सरकार ने केंद्र को पत्र लिख कर परसा कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द करने की मांग की थी। कांग्रेस सरकार के रहते 16 जुलाई 2023 को सुप्रीम कोर्ट में भी शपथ पत्र दाखिल कर परसा या केते एक्सटेंशन या किसी अन्य खदान की आवश्यकता को गलत बताया गया था। इसके बाद भी परसा कोल ब्लॉक में खनन को प्रारंभ कराया गया, जो केवल अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया। जबकि, राजस्थान को इसकी कोई आवश्यकता नहीं। कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक के लिए जनसुनवाई नहीं होने दिया था। लेकिन, यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि भाजपा की सरकार ने 6 माह पूर्व केते एक्सटेंशन में 1760 हेक्टेयर में से 99 प्रतिशत क्षेत्र घने जंगल को काटने की अनुमति दे दी।

यह पूरा का पूरा क्षेत्र हसदेव बांगो का जल ग्रहण क्षेत्र है और इसमें 8 लाख से अधिक पेड़ थे। ऐसे महत्वपूर्ण जलग्रहण क्षेत्र को नष्ट कर कोयले का उत्पादन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों में ऐसे सैकड़ों कोल ब्लॉक मौजूद है जहां बिना घना जंगल काटे प्रचुर मात्रा में कोयला उपलब्ध है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार के अडानी प्रेम के चलते छत्तीसगढ़ का हसदेव सरकार के 3 साल के कार्यकाल में पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। हसदेव के बाद अडानी की नजर रायगढ़ के तमनार, बस्तर क्षेत्र, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा के जंगलों पर है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह का आगमन भी इसी उद्देश्य से हो रहा है कि अडानी के लिए जंगलों में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर सकें।

## ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने में ग्रामीण डाक सेवक सक्रिय भूमिका निभाएं : महावर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

महासमुंद एवं सरायपाली उप-संभाग की समीक्षा बैठक तथा पोस्टमैन–डाक सेवक सम्मान समारोह का आयोजन कलार समाज भवन, बस स्टैंड पिथौरा में हुआ। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, ग्रामीणों तक सेवाओं के विस्तार तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक में महासमुंद, सरायपाली, बसना-सरसीवा, सकरा, बागबाहरा, फिंगेश्वर, जगदीशपुर एवं पिथौरा क्षेत्र के पोस्टमैन एवं ग्रामीण डाक सेवक बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रवर अधीक्षक हरीश महावर ने उपस्थित कर्मचारियों से फीडबैक प्राप्त किया तथा उन्हें लगन, ईमानदारी और समर्पण के साथ विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सेवाओं का वास्तविक लाभ दिलाने में ग्रामीण डाक सेवकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। महावर ने ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आरडी, एसबी, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएफ, टीडी सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कर्मचारियों को गांव-गांव पहुंचकर लोगों को बचत के प्रति जागरूक करने व योजनाओं के फायदे बताने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के ब्रांच मैनेजर आकाश बुधवानी ने उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डीबीटी, पैसे के लेन-देन एवं बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में ग्रामीण डाक सेवकों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अब शहरों का रुख किए बिना अपने ही गांव के डाकघर में सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर महासमुंद उप-संभाग के डाक निरीक्षक सचिन जैन, सरायपाली के डाक निरीक्षक रवि साहू सहित बड़ी संख्या में डाक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### अचानक रंगमंच भरभरा कर गिरा

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत परसुली के शासकीय बूढ़ादेव हाईस्कूल परिसर परसुली का रंगमंच अचानक भरभरा कर गिरा गया। मिली जानकारी के अनुसार इस रंगमंच को दोपहर के बाद गिरा। इस दौरान रंगमंच के आसपास कोई भी नहीं था, जिसके चलते किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



### किसान रबी धान फसल की तैयारी में जुटे

**नर्रा।** इन दिनों धान कटाई मिंजाई के बाद अब साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसान खेत की साफ-सफाई के साथ अवशेष ठूंठ पराली को जला रहे हैं। कुछ ही किसान ट्यूवेल से खेतों में पानी छोड़ रहे हैं। कुछ लोग रोपाई के लिए धान को अंकुरित कर बीज डाल रहे है। वहीं प्रशासन द्वारा सख्त प्रतिबंध लगने के बावजूद किसान पराली को जला रहे हैं।

# बावनकेरा में लगा एक दिवसीय बैंक मेला

## ग्रामीण महिलाओं और उद्यमियों को मिला 70 लाख रुपए का वित्तीय सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विकासखंड के ग्राम बावनकेरा में यूको बैंक द्वारा एक दिवसीय बैंक मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की आसान पहुँच सुनिश्चित करना और स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण उद्यमियों को वित्तीय रूप से मजबूत करना था।



मेले में यूको बैंक के प्रधान कार्यालय से आए वरिष्ठ अधिकारी, अंचल कार्यालय के अधिकारी, स्थानीय शाखा के अधिकारी, साधन, एनआरएलएम टीम, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान 10 स्वयं सहायता समूहों को कुल 60 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत/वितरित किया गया। 12 ग्रामीण उद्यमियों को 10 लाख रुपए के व्यक्तिगत एंटरप्राइज़ फाइनेंस लोन का वितरण किया गया। इस प्रकार कुल 70 लाख रुपये का वित्तीय सहयोग ग्रामीण समुदाय को प्रदान किया गया। मेले में ग्रामीणों को बैंक अधिकारियों द्वारा ई केवाईसी, जनसुरक्षा योजना, डिजिटल भुगतान प्रणाली, ऑनलाइन ठगी से बचाव, सुरक्षित बैंकिंग के तरीके तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं और बैंकिंग उत्पादों की जानकारी दी गई। साथ ही समय पर ऋण भुगतान और डिजिटल बैंकिंग के महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

### टोकन की समस्या को लेकर आप ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पिटियाझर बेमचा धान खरीदी केंद्र और कार्यकर्ताओं ने अन्य धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें बहुत सारी शिकायतें ऑफलाइन में इनको सिर्फ तीस पर्सेंट ही टोकन का अधिकार दिया गया है। क्योंकि, बहुत सारे गांव में नेट नहीं होने के नाम से ऑनलाइन टोकन किसानों जो अशिक्षित है वह नहीं ले पाते और अन्य शिकायतों के संबंध में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है और कलेक्टर से अनुरोध किया गया है कि इसका जल्द से जल्द निवारण किया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, राज्य सचिव संजय यादव, उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूनाराम निषाद, महिला जिलाध्यक्ष मेघा चंद्राकर, सीता दीवान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वरिष्ठजन एवं दिव्यांगजन सम्मान समारोह हुआ

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में रजत जयंती वर्ष 2025 के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वैच्छिक संस्था शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित आसियाना वृद्धाश्रम दलदली रोड नयापारा में वरिष्ठजन एवं दिव्यांगजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 19 वरिष्ठजन, 20 दिव्यांगजन, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं संस्थागत कर्मचारियों सहित कुल 62 प्रतिभागी शामिल हुए। उपस्थित वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी को श्रीफल एवं पुष्प भेंटकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन उप संचालक समाज कल्याण महासमुंद संगीता सिंह के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में स्वैच्छिक संस्था के अध्यक्ष मनोज साहू, परिवीक्षा अधिकारी समाज कल्याण सुनीता तिर्की, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं संस्थान के स्टाफ उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने मुनगासेर और गांजर धान उपार्जन केंद्र का किया**

# साइज में स्टैक बनाएं, रजिस्टरों का संधारण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बागबाहरा विकासखंड के मुनगाशेर और गांजर धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में हो रही धान तुलाई, संग्रहण, परिवहन व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा नमिता मारकोले मौजूद थी।



कलेक्टर लंगेह ने उपार्जन केंद्र में संधारित सभी रजिस्टरों का परीक्षण किया, जिसमें टोकन वितरण रजिस्टर, तुलाई रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर और परिवहन अभिलेख शामिल थे। रजिस्टर मिलान कर उन्होंने अधिकारियों को सटीक एवं अद्यतन प्रविष्टियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने मौजूद किसानों से चर्चा की और उनसे खरीदी प्रक्रिया, तुलाई व्यवस्था एवं टोकन प्रणाली को लेकर फीडबैक लिया तथा उन्होंने किसानों से उनकी समस्याएं भी पूछा तथा अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी का कार्य पूर्ण पारदर्शिता, समयबद्धता और सुचारूता के साथ होना चाहिए। उन्होंने तुलाई मशीन, स्टैक यार्ड, सुरक्षा व्यवस्था तथा टोकन वितरण की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार निर्धारित साईज में स्टैक बनाने के निर्देश दिए ताकि गिनने में आसानी हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित खाद्य अधिकारी, नोडल अधिकारी, जिला प्रबंधक एवं धान बेचने आएं कृषकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

